सरेआम गांव में नंगी घुमायी गयी दलित महिला

Written by मौसमी सचान आर्य
Wednesday, 10 November 2010 14:08

पक्का घर बनवाने का दण्ड दिया दबंग गांववालों ने

:इलाहाबाद में इंदिरा आवास योजना के तहत बनवा रही थी मकान : अब किसी को माफ करने के मूड में नहीं है इलाहाबाद की लल्ली : दबंगों ने कहाः अछूत हो तो अपनी औकात में ही रहो : झोंपडी ही तुम्हारा आशियाना है, मकान की ख्वाहिश छोड दो : जमानत पर छूटने के बाद अब समझौता करने के लिए दे रहे हैं धमकी : न जमीन छोडूंगी और ना ही समझौते का कोई सवालः लल्ली देवी : अब बचा ही क्या है समझौते के लिए, पहले हमारी इज्जत उछाली तो अब कैसा समझौता ?: लल्ली देवी अनपढ तो है, मगर अधिकारों के प्रति बेहद जागरूक

एक दलित महिला को सरेआम नंगा कर दिया गया। यह घटना किसी को भी हिलाकर रख देगी। लेकिन इलाहाबाद की लल्ली देवी ने इस हादसे के बाद अपनी जंग की धार को सान पर चढा दिया। अब वह गांव के उन दबंगों को सजा तो दिलाना चाहती ही है, साथ ही अपनी जैसी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी करना चाहती है। आइये एक नजर लल्ली देवी के संघर्ष की कहानी पर डाल लिया जाए।

इलाहाबाद की लल्ली देवी अनपढ़ तो है लेकिन उसने अपने हक की लड़ाई खुद लड़ी. उसने बताया कि वो अपने गांव में झोपड़ी बनाकर रहती है. उसके पास न तो गुजर बसर के लिए जमीन है न ही कोई और साधन वो डलिया बनाकर गुजर करती थी.

तभी इंदिरा आवास योजना के तहत उसने अपनी छोटी से झोपड़ी की जमीन पर पक्का घर बनवाने लगी. घर को बने तीन दिन ही हुए थे कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने उसका घर गिरा दिया. उनका कहना था कि वो दलित है और पक्का घर नहीं बनवा सकती.

पति और बेटे को पीटकर बेदम कर दिया. लल्ली को जब पता चला तो उसने विरोध किया तो उन्होंने उसे भी पूरे गांव के सामने नंगा करके पीटा गया.

मामला मीडिया ने उछाला तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. लेकिन पिछले दिनों जमानत पर छूटकर आए वो लोग उसे फिर धमका रहे है. उस पर लगातार कॉम्प्रोमाइज करने का प्रेशर डाला जा रहा है. लल्ली कहती है कि वो अपनी जान दे देगी पर न जमीन छोड़ेगी और न ही समझौता करेगी. अब इस लल्ली देवी के हौसले की दाद देनी होगी जिसने ना केवल गांव में पक्का मकान बनवा लिया है, बल्कि दूसरी वंचित महिलाओं को भी जागरूक करने का अभियान छेड़े हुए है।

1 / 1